C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:19 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:23 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 236 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 13 मार्च 2024



कॉमेडी से लोगों को हंसाने को...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आरटीआई के तहत मांगी सूचना न देने पर आयोग गंभीर

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सूचना आयोग ने आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध न कराने के मामले में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण हल्द्वानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरटीआई एक्टविस्ट हेमंत गोनिया ने विकास प्राधिकरण हल्द्वानी से चार बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, यह सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इस पर अपील की गई लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर उत्तराखंड सूचना आयोग में अपील की गई। इसके बाद भी सूचना उपलब्ध न कराने पर सूचना आयोग ने लोक सूचना अधिकारी प्राधिकरण को कारण बताओ नोटिस जारी कर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही पूर्व में जारी किये गये पत्र पर क्या कार्रवाई की गई, उससे अवगत कराने को कहा गया है। इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तिथि चार अप्रैल तय की गई है।

### पेड़ गिरने से अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ एनएच तीन घंटे बंद रहा

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ पर पेटशाल के पास चीड़ का पेड़ सड़क पर गिर गया। इस दौरान करीब तीन घंटे एनएच बंद रहा। एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई लोग एनएच पर फंस गए। सूचना मिलने पर फायर टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को हटाया। इसके बाद यातायात सुचारू हुआ। सोमवार रात करीब आठ बजे अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चितई से आगे कुछ दूर पेटशाल के पास सड़क पर चीड़ का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से एनएच बंद हो गया। वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। कई वाहन एनएच में फंसे रहे। इससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। रात में करीब 10 बजे फायर सर्विस अल्मोड़ा को एनएच पर पेड़ गिरने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची।

# प्रदेश में आज और कल बदलेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

पर्वतीय इलाकों में के कुछ जिलों में आज बारिश-बर्फबारी के आसार है। हालांकि मौसम बदलने का तापमान पर कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा। तापमान सामान्य के आसपास ही रहेगा। प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में आज बुधवार को मौसम बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों समेत 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना जताई है। जबकि कल



यानी 14 मार्च को भी कुछ जिलों में भी मौसम बदला रहेगा। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अब बदलने वाले मौसम का तापमान पर कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगा। 13-14 मार्च को मौसम में होने वाले बदलाव का मैदानी इलाकों के तापमान पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। तापमान की बात करें तो तापमान सामान्य के आसपास ही रहेगा।

### दिल्ली में आज बढ़ते तापमान के बीच मिलेगी राहत

बढ़ रहे तापमान के बीच बुधवार को दिल्ली में आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं। इसके चलते मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस बीच, मंगलवार को लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान तीस डिग्री से ज्यादा रिकार्ड किया गया। मंगलवार को दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से ही धूप खिल गई थी। दिन के समय भी आसमान साफ रहा। इससे अधिकतम तापमान में वृद्धि बरकरार रही। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा 30.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 14.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी का स्तर 89 से 31 प्रतिशत रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को एक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव देखने को मिल सकता है। इसके चलते बादलों की आवाजाही रहेगी और कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 16 किमी प्रति घंटे तक की हो सकती है। यह बात अलग है कि अधिकतम तापमान अब 30 डिग्री से ऊपर ही रहने की संभावना है।

प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारियां

# सीएम धामी ने गोपेश्वर में किया भव्य रोड शो



देहरादून/चमोली
हमारे संवाददाता

सीएम धामी आज गोपेश्वर में रोड शो करेंगे। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपेश्वर नगर के मुख्य तिराहे पर सरकार के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया। गोपेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां नगर में जोरदार रोड शो किया। वह यहां लाभार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाग करेंगे। सीएम धामी गोपेश्वर खेल मैदान में हेलिकॉप्टर से पहुंचे। यहां से वह नगर के तिराहे तक कार से और फिर यहां से रोड शो के साथ पुलिस मैदान में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोपेश्वर नगर के मुख्य तिराहे पर अंकिता हत्याकांड का खुलासा करने, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारियां दी। पुलिस वाहन में बैठकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मंडल की ओर ले जाया गया है।

# साढ़े तीन लाख निगम कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

देहरादून
हमारे संवाददाता

एक जुलाई 2023 से चार प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अनुमन्य किया गया था। लेकिन निगम, निकाय कर्मचारी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी हो गया।

प्रदेश के सभी निगम, निकायों के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ गया है। सचिव औद्योगिक विकास विभाग विनय शंकर पांडेय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। इससे करीब साढ़े तीन लाख निगम कर्मचारी लाभान्वित होंगे। जारी आदेश के मुताबिक, 13 जनवरी 2024 को राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में कर्मचारियों को एक जुलाई 2023 से चार प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अनुमन्य किया गया था। लेकिन निगम, निकाय कर्मचारी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी हो गया। इसके तहत निगम कर्मचारियों को एक जुलाई 2023 से 42 के बजाए 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

निगमों को निर्देश दिए गए हैं, वह अपनी वित्तीय स्थितियों का आकलन करने के बाद महंगाई भत्ते पर कार्रवाई करें। आदेश जारी होने के बाद राज्य निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश राणाकोटि, प्रदेश महामंत्री ललित शर्मा, अजयकांत शर्मा, गिरीश नैथानी, प्रेम सिंह चौहान, सुनील पुंडीर, दिलीप रावत ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।



# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष की कार दुर्घटना में मौत

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

हरिद्वार भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष की कार दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे में उनकी पत्नी और बच्चे बुरी तरह घायल हो गए।
हरिद्वार बहादराबाद से धनोरी की ओर जा रहे ट्रक एवं धनोरी की ओर से आ रही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष की कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जिलाध्यक्ष की मौत हो गई। जबकि पत्नी व बच्चे घायल हो गए। बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष परिवार सहित जा रहे थे, तभी उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। सूचना पर पहुंची बहादराबाद पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल और



बहादराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया। बहादराबाद बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर ने बताया कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय कुमार (45) की मौत हो गई। पत्नी सुमन देवी और बेटा अभिजीत सिंह 12 वर्ष जिला अस्पताल में भर्ती है, सुमन देवी की हालत गंभीर बताई जा रही हैं। बेटी तनुश्री 15 वर्ष, जया मेक्सवैल बहादराबाद में भर्ती है।

# यूसीसी विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी, नियमावली बनते ही उत्तराखंड में होगा लागू

देहरादून
हमारे संवाददाता



यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पर राष्ट्रपति की मुहर लग गई है। राज्यपाल ने यूसीसी विधेयक राष्ट्रपति को भेजा था। संविधान की समवर्ती सूची का विषय होने के कारण बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया था।
समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब नियमावली बनने के बाद इसे राज्य में लागू कर दिया जाएगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी की पुष्टि सचिव गृह शैलेश बगोली ने दी। राज्यपाल ने यूसीसी विधेयक राष्ट्रपति को भेजा था। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया था। उत्तराखंड विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया था। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना था। अब राष्ट्रपति से मुहर लगने के बाद यूसीसी राज्य में कानून लागू हो जाएगा। आजादी के बाद देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 विधानसभा में पास हो गया था। विधानसभा सदन में विधेयक ध्वनिमत से पास हुआ था।

### प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 को भी मंजूरी

प्रकाशन उद्योग को नियंत्रित करने वाले ब्रिटिशकाल के कानून में बदलाव और पत्रिकाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल करने के लिए प्रेस एवं पत्र-पत्रिका पंजीकरण विधेयक, 2023 को भी राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यह विधेयक 1867 के प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम की जगह लेता है। राज्यसभा में तीन अगस्त को विधेयक को पारित किया था।

# कैंडिल लेकर सड़कों में उतरे तिब्बती समुदाय के लोग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

तिब्बती समुदाय के लोगों ने मंगलवार की शाम को नैनीताल में तिब्बती महिला संगठन के बैनर तले चीन से तिब्बत को आजाद किए जाने की मांग को लेकर अपने हाथों में कैंडिल लेकर सड़कों में उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने चीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बता दें कि 12 मार्च 1959 से पूर्व तिब्बत अलग देश हुआ करता था लेकिन उसके बाद से चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। चीन से तिब्बत की आजाद करने की मांग को लेकर तिब्बती समुदाय को 65 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन आज तक तिब्बत आजाद नहीं हुआ है। इसी मांग को लेकर तिब्बती समुदाय के सभी लोग (महिलाएं व पुरुष) तिब्बती महिला संगठन के बैनर तले मंगलवार की शाम को 6 बजे अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखकर तिब्बती बाजार में एकत्र हुए। उसके बाद वहां पर उन्होंने संक्षिप्त सभा का आयोजन किया जिसमें उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई कि बीते 65 वर्षों से लगातार तिब्बत चीन के कब्जे में होने की वजह से काफी परेशानियां हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि तिब्बत में जो मानवाधिकार का हनन हो रहा है उसे बंद किया जाए, जेल में जो तिब्बती समुदाय के लोग बंद हैं उन्हें तुरंत रिहा किया जाए, पंचन लेमा को रिहा किया जाए व तिब्बत के खंप में जो बांध बना रहा है उसका निर्माण रोका जाए तथा तिब्बत से जो 13 नदियां आ रही है,उनसे जो बांध बनाने से पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है,उससे रोका जाए। कहा कि यूनाईटेड नेशन व भारत सरकार को इनमें पहल करनी चाहिए। उसके बाद तिब्बती समुदाय के लोगों ने तिब्बती मार्केट से होते हुए बड़ा बाजार, माल रोड से होते हुए तल्लीताल गांधी चौक तक कैंडिल मार्च निकाला, तथा गांधी चौक में भी जमकर नारेबाजी की फिर लोअर माल से होते हुए तिब्बती लोग फिर से तिब्बती बाजार में एकत्र हुए वहां पर अभी तक तिब्बत की आजादी में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा, उसके बाद तिब्बती व भारतीय राष्ट्रीय गान गया गया उसके बाद अप्राईजिंग सौग गया गया। प्रदर्शन में तिब्बती महिला संगठन की अध्यक्षसिरिंग डोलमा, महासचिव सिरिंग पेगी, सिरिंग यांगजुम,सोनम, तिब्बती यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष टासी तोपगिल, तेनजिंग सांगमो व नीमा सोगमा समेत तिब्बती फ्रीडम मूवेंट के अध्यक्ष सिरिंग तोपगिल समेत सैकड़ों तिब्बती समुदाय के लोगों ने भाग लिया।



**मांग**

● चीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

## जिला कारागार में 40 कैदियों के साथ रोजे रखेंगे अब्दुल मलिक



**नैनीताल** । नैनीताल की जिला कारागार में सजा काट रहे अब्दुल मलिक 40 कैदियों के साथ रोजे रखेंगे। जिला कारागार में रोजे रखने वालों के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

बता दें कि वनभुलपुरा क्षेत्र में दंगे का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को 24 फरवरी की शाम जिला कारागार भेज दिया गया था। जिसके बाद से वह नैनीताल जिला करागार में सजा काट रहा है। इधर मंगलवार से रमजान की शुरूआत के चलते अब्दुल मलिक की ओर से भी रोजे रखने की बात पता चली है।

वह जेल में ही अपने रोजे रखेंगे। जेलर एसएस ह्यांकी ने बताया कि जेल में 156 कैदियों में से 40 कैदी रोजे रखेंगे। जिसमें अब्दुल मलिक भी शामिल है। बताया कि रोजे रखने वालों के लिए जेल नियमों के व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रोजे खोलने के लिए खजूरए फलों व दूध की व्यवस्था की गई है।



## अराजक तत्वों ने लगाई हनुमानगढ़ी जंगल में आग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में हनुमानगढ़ी के समीप सड़क किनारे जंगल में शाम अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग फैली तो जंगल धधकने लगा। राहगीरों की सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में पहुंच गए हैं।

मेरी जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम लगभग सात बजे नैनीताल हल्द्वानी रोड में हनुमानगढ़ी के समीप हेयरपिन बैंड सड़क किनारे अराजक तत्वों ने आग लगा दी। जैसे ही आग जंगल फैली तो जंगल धधक गया। हवा चलने के कारण आग जंगल में फैल गई। आग का विकराल रूप देख राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाना शुरू किया।

वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने के अनुसार कि जंगल में आग लगने की सूचना के बाद टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया है। साथ ही जंगल में आग लगाने वाले की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पकड़े जाने दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के देवदार सभागार में मंगलवार को बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत द्वारा की गई एवं संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में फ र्मास्युटिकल उद्योग और शिक्षा जगत के स्वतंत्र सलाहकार एवं गोवा सेंटर फ ॉर एक्सीलेंस इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के संस्थापक प्रो. उमेश वी. बनाकर द्वारा संबोधित किया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत ने कहा कि राज्य निर्माण के पश्चात हमने खेलकूद समेत गीत, संगीत, सिनेमा व थियेटर के साथ ही साहित्य, फोटोग्राफ ी तथा निर्माण तथा उत्पादन आदि क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियां हासिल की परन्तु कभी-कभी ऐसे मामले भी देखने को मिलते हैं कि हमारी कला, संस्कृति एवं साहित्य की नकल हो जाती है एवं असली रचनाकार को उसका अधिकार नहीं मिल पाता। अत: हमारा प्रयास है कि कार्यशाला के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण के संबंध में शिक्षित किया जाए। कुलपति प्रो0 रावत ने कहा कि डिजिटल युग में हम सभी को आईपीआर के बारे में जानकारी होनी चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा विषय है जिससे मानव जीवन हमेशा जुड़ा रहता है। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि आज विकसित एवं विकासशील देशों की ग्रोथ में फ र्क केवल इतना है कि विकसित देश अपनी बौद्धिक संपदाओं को बहुत पहले से ही कॉपी राइटए पेटेंट एवं ट्रेडमार्क जैसी फूलप्रूफ स्कियोर तकनीक द्वारा सुरक्षित करके पूरी दुनिया पर राज करते रहे हैं।



संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं गोवा सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के संस्थापक प्रो. उमेश वी0 बनाकर ने अपने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया कि बौद्धिक संपदा का अधिकार किसी आविष्कार एवं सृजनात्मक गतिविधियों के आधार पर प्रदान किया जाता है। आपके विचार लेख, शोधपत्र तथा नवीन डिजाइन व नई खोज व आर्टिकल आईपीआर के तहत आते हैं। प्रो. उमेश वी0 बनाकर ने बौद्धिक संपदा अधिकार क्या है पेटेंट क्या है डिजाइन क्या है इन विषय वस्तुओं को सुस्पष्ट करते हुए पेटेंट कार्यालय तथा उनका गठन, उनकी कार्यशैली व पेटेंट और डिजाइन प्रार्थना पत्र देने, विहित शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया तथा उस पर आपत्ति प्रस्तुत किये जाने और आपत्ति के निस्तारण और अन्तत: पंजीकरण के प्रक्रिया के विषय मे विस्तार पूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर गोवा सेंटर फ ॉर एक्सीलेंस इन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी की समन्वयक डॉ. राजश्री गुडे ने प्रतिभागियों को किसी नवीन उत्पाद के पेटेंट प्राप्त करने के लिए किन-किन प्रक्रियाओं से गुजरन पड़ता है, किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना पड़ता हैं उत्पाद के विशिष्टियों तथा उन्हें पूर्व पंजीकृत पेटेंट से किस प्रकार भिन्न और विशिष्ट किया जा सकता है इन समस्त विषयों एवं प्रक्रियाओं को समझाया। इसी के साथ संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा शोधार्थियों के साथ नवीनतम रुझानों, चुनौतियों तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित नवाचार पर चर्चा की गई। इससे पूर्व आईपीआर सेल की समन्वयक एवं इस संगोष्ठी की संयोजक प्रो0 बीना पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत करते हुए बताया कि आईपीआर सेल का उद्देश्य संकाय सदस्यों और छात्रों के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के बारे में जागरूकता पैदा करना और शिक्षित करना है। इस मौके पर संकायाध्यक्ष वाणिज्य प्रो. अतुल जोशी, निदेशक शोध एवं प्रसार प्रो. एनके साहू समेत डॉ. ऋषेंद्र कुमार तथा डॉ. तरुण जोशी व डॉ. नगमा के साथ ही समस्त शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की निदेशक प्रो0 दिव्या उपाध्याय ने किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# द्विवार्षिक अधिवेशन में कर्मचारियों के हितों को लेकर चर्चा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन जनपद नैनीताल का द्विवार्षिक अधिवेशन शोभन सिंह जीना हॉस्पिटल हल्द्वानी सभागार में मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रमुख डॉ केके पांडे व विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि चन्द्रशेखर शर्मा प्रदेश सलाहकार, दलवीर राणा प्रदेश कोषाध्यक्ष, मंडली सचिव जोगा सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री अजय मेहरा, शिक्षक संगठन अध्यक्ष कुबेर मावडी, द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न हुआ। इस दौरान कर्मचारियों के हितों को लेकर चर्चा की गई और नए जिले की कार्यकारिणी का गठन मुख्य चुनाव अधिकारी जिला महामंत्री फार्मासिस्ट नंदन सिंह गोस्वामी के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष - सतीश पाठक, जिला सचिव प्रदीप सिंह राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रजनीश मिश्रा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार जोशी, महिला उपाध्यक्ष अनीता चौहान, जिला कोषाध्यक्ष देवेश सिंह कार्की, जिला सम्प्रेक्षक रीता गोस्वामी, प्रवक्ता कुबेर मावड़ी, को मनोनीत किया गया। तत्पश्चात सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सतीश पाठक और पूरी टीम ने संगठन के सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए का हमें जो दायित्व सोपा है हम सभी कर्मचारियों के हित में काम करने का हर संभव प्रयास करेंगे और वर्षो से चली आ रही हमारी पुनर्गठन और जोखिम भत्ता जल्द से जल्द सरकार से दिलाने की मांग करेंगे चाहे इसके लिए जो भी कुछ करना पड़े, इस मौके पर बसन्त बल्लभ लोहनी, मनोज पाल, सी पी रावत, पुष्कर, महिपाल बोरा, उमेश, रवीना, वेद प्रकाश, पुनीत शर्मा, देवेश कार्की, महेश बचखेती, मनोज जोशी, प्रभाकर, कंचन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।




# एमआईईटी कुमाऊं में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

लामाचौड़ स्थित एमआईईटी कुमाऊं कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन किया गया। सम्मेलन में सतत विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं कृषि विज्ञान विषय पर कुल 256 शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

दूसरे दिन भौतिकी, गणित, नवाचार,उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य विज्ञान के शोधकर्ताओं ने 91 शोध पत्रों पर चर्चा की।

प्रबंध निदेशक डॉ बी एस बिष्ट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) एवं उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) के सहयोग से हुआ है।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक डॉ तरुण कुमार सक्सेना, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ कमल रावत, मीडिया हेड अजय चौधरी, अखिल गौतम,मनोज अग्रवाल का सहयोग रहा।



# अभिमत

## दोहरा मापदंड

***सप्ताहभर के अंदर बाघ ने पांच महिलाओं और चार वन कर्मियों पर हमला करके घायल कर दिया। आत्मरक्षा के लिए वन कर्मचारियों ने आदमखोर को मार दिया। किसी ने वीडियो वायरल किया तो वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिये। यह सरासर दोहरा मापदंड है। पिछले एक साल में अनेक लोगों की जान बाघ और गुलदार ले चुके हैं। वन विभाग पिंजरे रखकर वन्यजीव को पकड़ने के प्रयास करता है। यदि पकड़ने में सफलता नहीं मिलती है तो वन क्षेत्र के समीप स्थित बस्ती में अभियान चलाकर आदमखोर वन्यजीव को ट्रैंक्यूलाइज करके पकड़ा जाता है। अंतिम उपाय के तौर पर ही नरभक्षी को मारने का निर्णय लिया जाता है।***

उत्तराखंड में वन्यजीव और मनुष्य के बीच संघर्ष की घटनाएं होती रही हैं। पिछले कुछ माह से वन्यजीवों द्वारा मनुष्यों पर हमले के मामले बढ़ गये हैं। वन्यजीवों पर शोध करने वालों ने अध्ययन करके निष्कर्ष निकाला कि वन्यजीवों के घर यानि जंगल में मनुष्यों ने अतिक्रमण किया है और वन्यजीव हिंसक हो रहे हैं। दरअसल जंगल को अभ्यारण्य कहा जाता है। इसका तात्पर्य है कि वन्यजीव वहां बिना भय के रहते हैं। विकास के नाम पर मनुष्य ने वन क्षेत्र में भवन, सड़क व अन्य निर्माण कार्य तथा आवाजाही बढ़ा दी। वन्यजीवों के स्वच्छंद विचरण में बाधा उत्पन्न होने लगी और उनका स्वभाव बदल गया। उत्तराखंड में बाघ और गुलदार आबादी में आकर हमले कर रहे हैं। राज्य सरकार ने नरभक्षी बाघ व गुलदार को ट्रैंक्यूलाइज करके पकड़ने और सफलता नहीं मिलने पर आत्मरक्षा करते हुए गोली मारने का आदेश दिया है। सप्ताहभर के अंदर बाघ ने पांच महिलाओं और चार वन कर्मियों पर हमला करके घायल कर दिया। आत्मरक्षा के लिए वन कर्मचारियों ने आदमखोर को मार दिया। किसी ने वीडियो वायरल किया तो वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिये। यह सरासर दोहरा मापदंड है। पिछले एक साल में अनेक लोगों की जान बाघ और गुलदार ले चुके हैं। वन विभाग पिंजरे रखकर वन्यजीव को पकड़ने के प्रयास करता है। यदि पकड़ने में सफलता नहीं मिलती है तो आदमखोर वन्यजीव को ट्रैंक्यूलाइज करके पकड़ा जाता है। अंतिम उपाय के तौर पर ही नरभक्षी को मारने का निर्णय लिया जाता है। जंगल के समीप स्थित खेतों में काम करने वालों को खतरा हमेशा बना रहता है। बचाव का इंतजाम करके खेत में काम करते हैं और पालतू पशुओं के लिए चारा लेने जाते हैं। वन्यजीव की आहट होते ही भागते हैं। यह सिलसिला लगातार चलता रहता है, लेकिन अब वन्यजीव घर में घुसकर बच्चों को उठा ले जाता है। पशुशाला में गाय, बकरी को मार डालता है। पर्वतीय क्षेत्र के साथ ही प्रदेश की राजधानी देहरादून और हल्द्वानी जैसे महानगर के ग्रामीण क्षेत्र में विकसित कालोनियों में गुलदार दस्तक देने लगे हैं। कालोनियों के सीसीटीवी कैमरों में बाघ और गुलदार की चहलकदमी कैद होने के कई मामले प्रकाश में आये हैं। पर्वतीय और तराई के कई गांव में लोग शाम होते ही घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। आदमखोर के डर से प्रशासन ने कई गांवों के बच्चों को स्कूल नहीं जाने का आदेश दिया। वन विभाग ने जब नरभक्षी को पकड़ लिया तो बच्चे स्कूल जाने लगे। पशुओं के लिए जंगल से घास लाने वाली महिलाओं पर बाघ व गुलदार हमला करते हैं। राज्य सरकार को पशुपालकों के लिए विकल्प का प्रबंध करना होगा।

# सीएम ने करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात दी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल विधानसभा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने करोड़ों रुपयों की विकास योजनाओं की सौगात दी है जिसको लेकर अभूतपूर्व विकास कार्य किये जा रहे हैं जो धरातल पर मूर्त रूप ले रहे हैं।

मंगलवार को नैनीताल क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक सरिता आर्या ने विधानसभा में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। बताया कि विधानसभा में कुल 348 करोड़ के कार्य किये जा रहे है वही 104.45 करोड़ के कार्य धरातल पर उतर मूर्त रूप ले चुके हैं।

बताया कि बलियानाला ट्रीटमेंट के लिये 197 करोड,नगर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिये 97 करोड, ठंडी सडक् में सौन्दर्यकरण के लिये 10 करोड तथा नगर में विभिन्न चौराहों के चौड़ीकरण के लिये 5.5 करोड,डीएसबी परिसर में छात्रावासों के जीर्णोद्वार के लिये 5 करोड,नगर की 63 आंतरिक सडक़ों के सुधार के लिये कुल 19 करोड,लोअर माल रोड में सुरक्षात्मक कार्य के लिये 3.5 करोड तथा वहीं मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कैंची धाम व नैना देवी मंदिर में सौन्दर्यकरण के लिये क्रमश: 28 व 11 करोड रुपये की स्वीकृति दी गयी है वही तल्लीताल में 11.73 करोड तथा मल्लीताल में मस्जिद चौराहे पर 1.22 करोड से नयी पार्किंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

बताया कि मल्लीताल बाजार के सौन्दर्यीकरण के तहत 1.5 करोड तथा तल्लीताल व मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के लिये 90 लाख व ओपन थियेटर के तहत 45 लाख के कार्य मूर्त रूप ले चुके हैं वही विधानसभा में करोड़ों रूपये से अनेको सडकों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

विधायक सरिता आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने विधानसभा के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोडी है। कहा कि इस संसदीय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट को जनता रिकॉर्ड मतों से जीताकर इतिहास रचेगी।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार नये भारत के निर्माण को प्रतिबद्ध व विकास को समर्पित है। पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पूरन सिंह मेहरा तथा जिला कार्यकरणी सदस्य शिवांशु जोशी भी मौजूद रहे।

## कविता

हादसे कभी भी हो सकते हैं ,
वो मौका नहीं कभी चूकते हैं ।
कहने वाले कहकर न थकते
हम थक जाते बकते बकते।

अपने को समझें ना कमजोर ,
कहते रहने में न लगाएं जोर।
हादसे के कारण को जानिए।
कमियों को अपनी पहचानिए।

कहने में अपनी न शक्ति गंवाईये ,
सहानुभूति के चंगुल से बच जाइए।
पीड़ित सा ना खुद को बनाइए ।
असंभव नहीं कुछ, खुद को
समझाइए।


हादसों की चर्चा में लगेगी जितनी
देरी
समाधान ने समझो उतनी आंखे
फेरी।
ध्यान हादसों के निपटने में सदा
लगा रहे ,
ध्यान से ही समाधान होवे गुणी जन
कहे।

**-( डॉ आभा सिंह भैसोड़ा )**

# कुमाऊं विवि दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के तहत संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित परिसर में मंगलवार से दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप प्रारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिड़ला संस्थान भीमताल के निदेशक प्रो. वी.के. सिंह ने वैश्विक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के उभार में स्टार्टअप के उल्लेखनीय योगदान का जिक्रकरते हुए नव युवाओं को इस दिशा में प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. एल. के. सिंह ने उद्यमिता योजना पर प्रकाश डालते हुए स्वरोजगार हेतु राज्य सरकार की योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए स्टार्टअप की नवीन थीम पर प्रकाश डाला। बूटकैंप के प्रथम दिवस में उद्घाटन सत्र के उपरांत वाह्य विशेषज्ञ के तौर पर महत्वपूर्ण स्टार्टअप का संचालन कर रहे भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के पूर्व छात्र राहुल वत्स ने स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं इस संबंध में सरकार की योजनाओं के साथ-साथ स्टार्टअप प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक विचार पर विस्तार से चर्चा की। इसके दूसरे सत्र में वेबक्योर सनराइज इंडिया

प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक महेश चंद्र पनेरु ने विभिन्न स्टार्टअप प्रारंभ करने हेतु शासकीय परियोजनाओं एवं उनके उपयोग पर उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की वही सीमा बिष्ट द्वारा इस हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रतिभागियों को दिया गया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए योजना के कुमाऊं विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी प्रो. कुमुद उपाध्याय ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ तीरथ कुमार एवं डॉ आशीष बिष्ट ने बताया कि बूट कैंप में शामिल प्रतिभागियों में से चिन्हित प्रतिभागियों को आगामी 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में शामिल किया करते हुए स्टार्टअप कार्यक्रम प्रारंभ करने का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया जायसवाल ने किया वही सुमित जोशी, हर्षिता रखोला, ऋ तिक गोस्वामी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में प्रबंध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अमित जोशीए फार्मेसी विभाग के अरविंद जंतवाल, मनीषा पाठक, कम्युनिटी कॉलेज से राकेश तिवारी सहित डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला, विनोद कुमार, ललित उपाध्याय, कृष्ण शर्मा सहित परिसर के शिक्षक कर्मचारी एवं प्रतिभागी शामिल हुए।

# फिल्मी दुनिया

## कॉमेडी से लोगों को हंसाने को तैयार अक्षय कुमार



*अक्षय कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक हैं। 90 के दशक से अब तक वे अपनी अदाकारी से करोड़ों फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। एक्शन फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अक्षय को कॉमेडी में भी महारत हासिल है। हेरा फेरी से लेकर हाउसफुल फ्रेंचाइजी तक, अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने लोगों को खूब गुदगुदाया है। एक नवीनतम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अक्षय जल्द ही एक कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए उनकी फुकरे के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा के साथ बातचीत चल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय ने हाल ही में निर्देशक से मुलाकात की और उन्हें फिल्म का आइडिया काफी पसंद आया। कहा जा रहा है कि निर्देशक फुकरे फ्रेंचाइजी के बाद कुछ और हटके बनाना चाह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में शुरू होगी और इसके अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि फिल्म में और भी कई प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे, जो अपनी अदाकारी से लोगों को हंसाने की कोशिश करेंगे।*

### बड़े मियां छोटे मियां की चर्चा

*वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। उनके साथ इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। इसे इस साल ईद के मौके पर रिलीज करने की तैयारी है। इसके अलावा उनके पास जॉली एलएलबी 3, स्काई फोर्स, वेलकम टू द जंगल और हाउसफुल 5 जैसी कई बड़े बजट की फिल्में भी हैं। दर्शकों को इन सभी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है।*

# अंतरष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अधिवक्ता परिषद उत्तराखंड की हाईकोर्ट इकाई द्वारा मंगलवार को अंतरष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बार सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हाईकोर्ट की मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी थी। न्यायमूर्ति बाहरी ने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट में करीब एक माह के अपने कार्यकाल से वे सन्तुष्ट हैं । उत्तराखंड महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी है । यहां विधान सभाध्यक्षए राज्य की मुख्य सचिवए हाईकोर्ट की मुख्य न्यायधीश सहित कई पदों पर महिलाएं आसीन हैं। जो सम्मान की बात है। अधिवक्ता परिषद की राज्य अध्यक्ष जानकी सूर्या ने मुख्य न्यायाधीश व अन्य न्यायधीशों सहित समस्त अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को होता है लेकिन 8 मार्च को शिवरात्रि का अवकाश होने के कारण यह आयोजन मंगलवार को किया गया है। उन्होंने इस आयोजन में अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी करने को महिला सम्मान की बात बताया । उन्होंने मुख्य न्यायधीश को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता लोकेंद्र डोभाल ने किया । इस मौके पर हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति आलोक वर्मा, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा समेत रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी, महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर,मुख्य स्थायी अधिवक्ता चन्द्रशेखर रावत,अपर महाधिवक्ता गजेंद्र सिंह संधू, वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी,एस. के. मण्डल, श्वेता बडौला डोभाल, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डी सी एस रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी समेत यशवर्धन कांडपाल व भाष्कर जोशी व सुयश पन्त सहित अधिवक्तागण मौजूद थे।

News कॉर्नर

## बैठक में क्लब के वार्षिक चुनाव के संदर्भ में चर्चा

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब के अध्यक्ष मीनू बुलाकोठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्लब के वार्षिक चुनाव के संदर्भ में चर्चा हुई, तय किया गया कि क्लब के इस वर्ष के वार्षिक चुनाव 17 मार्च (रविवार) को सुबह 11 बजे से गोवर्धन हाल में संपन्न होंगे। बैठक में क्लब की सचिव रमा भट्ट ने बताया इस वर्ष के वार्षिक चुनाव संपन्न करने के लिए क्लब की पूर्व अध्यक्ष रानी शाह को चुनाव अधिकारी और सरिता त्रिपाठी को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। लेक सिटी वेलफेयर क्लब में एक साल के चुनाव का कार्यकाल होता है। रमा भट्ट ने बताया की चुनाव में अध्यक्ष समेत वरिष्ठ व कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव ,उपसचिव, कोषाध्यक्ष तथा सांस्कृतिक सचिव व मीडिया प्रभारी सहित 15 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से 11 बजे गोवर्धन हाल में पहुंचने की गुजारिश की है।

## मंडल स्तरीय वॉलीबाल में ऊधमसिंह नगर विजेता

**अल्मोड़ा।** स्पेशल कंपोनेंट के तहत अनुसूचित जाति के बालकों की ओपन वर्ग की मंडल स्तरीय दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ऊधमसिंह नगर ने जीत लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन एसएसजे परिसर के जंतु विज्ञान स्थित मैदान में हुई प्रतियोगिता में सेमीफाइनल का पहला मैच चंपावत और बागेश्वर के बीच खेला गया।इसमें चंपावत ने 25-18, 24-26, 25-16 से मैच जीता। सेमीफाइनल के दूसरा मुकाबला ऊधमसिंह और अल्मोड़ा के बीच हुआ। इसमें ऊधमसिंह नगर ने अल्मोड़ा को 25-22, 25-22 से पराजित किया। फाइनल मुकाबला ऊधमसिंह नगर और चंपावत के बीच खेला गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 13 महिलाओं को किया सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देहरादून नैनीताल सर्वे चौक स्थित आई.आर.डी.टी सभागार में, महिला आयोग उत्तराखंड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जिसकी थीम रही महिलाओं में निवेश करें , प्रगति की ओर बढें। यह कार्यक्रम महिला आयोग उत्तराखंड की अध्क्षयक्षा कुसुम कंडवाल जी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल, राज्यमंत्री मधु भट्ट, राज्यमंत्री विनोद उनियाल, आशा नौटियाल, नेहा जोशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया, जिसके उपरान्त राज्य भर से 13 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया, जिसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में डॉ. कंचन नेगी को सम्मानित किया गया।

वर्चुअल रूप से जुड़ते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में पहुंची मातृशक्ति को नमन व वंदन करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम और अभियान समाज के सभी पहलुओं पर विविधता और सशक्तिकरण के महत्व पर जोर देते हुए लैंगिक समानता हासिल करने में समावेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करते हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए भावुक स्वर में कहा कि आठ मार्च के दिन मेरी माँ का निधन हुआ था और कुछ सालों बाद आठ मार्च के दिन ही घर में बेटी पैदा हुई। महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला आयोग हमेशा महिलाओं को प्रोत्साहित करता है, उनकी दिक्कतों को सुनता है, उनकी हर परेशानियों को दूर करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, और अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का यही ध्येय है कि ऐसी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाये जिनसे दूसरों को भी प्रेरणा मिल सके।

आपको बता दें, डॉ. कंचन नेगी , उत्तराखंड' हेरिटेज मीडिया' की एडिटर-इन-चीफ है, आपका बिजनेस सोल्यूशेंस की संस्थापिका हैं और सेन्गुइन वी केयर वेलफेयर सोसायटी (राष्ट्रीय स्तरीय एन.जी.ओ) की अध्यक्ष होने के साथ ही वे दूरदर्शन उत्तराखंड में समाचार वाचिका भी हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने बेटियों व महिला सुरक्षा के साथ साथ हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए आयोग द्वारा संचालित शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रावत, शकुन्तला कैंथुरा, विनोद उनियाल, मधु भट्ट, आशा नौटियाल, नेहा जोशी , रेणुका, अर्चना बागड़ी, कविता शाह, माधवी गुप्ता, शांति मेहरा, शिखा कंडवाल, डीपीओ जितेंद्र कुमार, कंचन ठाकुर, स्वाति चमोली, अंजली मलेथा, शानू रावत, रीना सहित विभिन्न समूहों की महिलाएं व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सांसद भट्ट ने 3904.11 लाख की सड़कों का शिलान्यास किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री को नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने काठगोदाम में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यालय में भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत काशियालेख सूफी मोटर मार्ग सहित कुल 3904.11 लाख की सड़कों का शिलान्यास किया।



केंद्रीय मंत्री भट्ट ने काठगोदाम में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कार्यालय में भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 17.304 किलोमीटर लंबी काशियालेख सूफी मोटर मार्ग जिसकी लागत 1727.22 लाख की है का शिलान्यास किया। इस मोटर मार्ग के अंतर्गत भिडापानी से महतोली मोटर मार्ग, काशियालेख से बूदीबाना सूफी मोटर मार्ग, अंबेडकर ग्राम रेखोली मोटर मार्ग, डोलकोट पांग कटारा खालाड मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। इन सभी परियोजनाओं की लागत 3904.11 लख रुपए है और लंबाई 43.246 किलोमीटर है। इस दौरान भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आज भीमताल विधानसभा क्षेत्र की जनता को सौगात दी गई है। कार्यक्रम में भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा सहित जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट, उसके अलावा प्रताप रैकवाल अधिशासी अभियंता मीना भट्ट सहित कई अधिकारी कर्मचारी वह पार्टी पदाधिकारी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रो. रेनू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को मिला सम्मान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 12 मार्च,2024 को देहरादून के सर्वेचौक में स्थित आईआरडीए के प्रेक्षागृह में एक महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सम्मान समारोह कार्यक्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र की प्रोफेसर व मानवीकी स्कूल की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश को सम्मानित किया गया। प्रो. रेनू को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जाने के लिए दिया गया। सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम को ऑनलाईन संबोधित किया। सम्मान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के कबीना मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा सम्मान में प्रशस्ति पत्र दिया गया। राज्य की कुल 13 महिलाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए राज्य महिला आयोग द्वारा यह सम्मान दिया गया। सम्मान पाते हुए प्रो. रेनू ने कहा कि यह उनके लिए गौरव के क्षण थे,उन्होंने इस सम्मान के लिए उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग का आभार व्यक्त किया तथा सभी का आभार किया।



## आरटीई में दाखिला दिलाने वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए ऑनलाइन मान्यता अनिवार्य

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आरटीई के तहत दाखिला देने वाले स्कूलों को ऑनलाइन नवीनीकरण कराना होगा। इसके अलावा प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का ाौतिक सत्यापन करने के साथ ही बैंक ााता संख्या व आईएफसी कोड सत्यापनखी किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य शिक्षाधिकारी जगमोहन सोनी ने जिले के उपशिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सोनी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पिछले दिनों राज्य परियोजना निदेशक ने ऑनलाइन मीटिंग में जांच टीम बनाकर निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का ाौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये हैं। पत्र में कहा गया है कि पूर्व के सालों में दे दिया गया है कि छात्र प्रतिपूर्ति के लिए उनके बैंक अकाउंट एक्टिव न होने के कारण तमाम छात्रों की धनराशि वापस हो रही थी। ऐसे में विकास इंडों के निजी स्कूलों के प्रधानाचार्य व प्रबंधक को यह निर्देश देना सुनिश्चित करें कि यदि बच्चों के खाते में धनराशि न पहुंची तो इसकी जि.मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी।

राज्य परियोजना कार्यालय से यह निर्देश दिये गये हैं कि बच्चों को छात्र प्रतिपूर्ति की धनराशि मिलने के बाद ही विद्यालय प्रतिपूर्ति की धनराशि निर्गत की जाएगी। कहा गया है कि जिन प्राइवेट स्कूलों की पूर्व में ऑफलाइन मान्यता प्रदान की गई हो तथा उनकी मान्यता अवधि को पांच वर्ष पूर्ण हो गये हैं या मान्यता समाप्त हो गई है, ऐसे विद्यालय ऑनलाइन तरीके से मान्यता नवीनकरण के लिए आवेदन करना सुनिश्चित करें अन्यथा ऐसे विद्यालयों की मान्यता न होने की स्थिति में प्रतिपूर्ति की धनराशि मान्यता मिलने तक प्रदान नहीं की जाएगी।

## धोखाधड़ी करने वाले चिटफंड कंपनी के महासचिव की जमानत खारिज

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार की अदालत ने मंगलवार को जमा निवेशकों व ग्राहकों से 8 करोड से अधिक रूपये की धोखाधड़ी करने वाले चिटफंड कंपनी अक्षय विजन हल्द्वानी के महासचिव आनन्द मेहरा की भी जमानत खारिज कर दी। बता दें कि इस मामले में आरोपी अरविंद पंत की जमानत पहले ही खारिज हो गई थी।

## होली लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग जिले में चलाएगा छापेमारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

गर्मी की शुरूआत व होली के आगमन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग चौकन्ना हो चुका है। विभाग की ओर से जल्द ही जिले में अभियान चलाकर छापेमारी की जाएगी। होटलए रेस्टोरेंट व फड़ों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि नैनीताल में बीते एक दो सालों में खाद्य सामग्री बेचने वालोंए रेस्टोरेंट व फड़ों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कमाई करने के चक्कर में कई संचालक खाने के साथ गंदगी भी परोस रहे हैं। इस बात का खुलासा तब हुआ जब जनवरी में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मल्लीताल क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को रेस्टोरेंट में गंदगी मिली। साथ ही सब्जी के ऊपर चलते कॉक्रोज भी मिले। जिस पर कड़ी फटकार के साथ आयुक्त ने खाद्य सुरक्षा विभाग को रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से रेस्टोरेंट से खाद्य सामग्रियों के सैंपल भरे। इधर गर्मी की शुरूआत व होली के आगमन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाया जाना तय किया जा चुका है। विभाग अगले सप्ताह से क्षेत्र में टीम बनाकर छापेमारी करेगा। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटल, रेस्टोरेंट तथा दुकानों में खाद्य सामग्री, दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थ, तेल व कोल्ड ड्रिंक व खुले पदार्थों के सैंपल भरे जाएंगे साथ ही हाइजीन व स्वच्छता की भी जांच की जाएगी। बताया कि अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में दिल्ली की प्राइमरी प्लस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा चल रहे शिविर में जहां कक्षा 7 से 12 तक की छात्राओं के लिए क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वही कक्षा 2 से 6 तक की छात्राओं के लिए फेस्टिवल ऑफ मल्टिपल इंटेलिजेंस का आयोजन किया गया।



शिविर में लर्निंग बाई डूइंग को ध्यान मे रखते हुए कई तरह के क्रियाकलापों से बच्चों को अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने के गुर सिखाए गए। शिविर में जहां एक ओर बच्चों ने ऐरोबीक्स व डांस कैंप मे शारीरिक समन्वय सीखा तो वहीं विज्ञान के श्नेन रिएक्शन कैंप में समस्याओं को हल करने की तकनीक और सरल मशीनों और उनकी कार्यक्षमताओं को जाना। इसके अलावा उषा सिलाई कैंप में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पैटर्न की पहचान करने की क्षमता और उपकरण को संभालने में हाथ की गति और समन्वय का विकास करने वाले सिलाई के गुर भी सीखे। इस दौरान सट्रीम बॉट्स कैंप में बच्चों को कोडिंग, विज्ञान, भावना, बोधक प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीन सोच विकसित करने के गुर सिखाए गए। टाई एंड डाई कैंप में प्रतिभाग कर सभी बच्चे आकार, रंग और अनुपात के संदर्भ में सोचने के लिए प्रोत्साहित हुए और अपनी 3 डी की दुनियां की कल्पना करने और पैटर्न पहचानने की क्षमता को विकसित किया।

थियेटर कैंप द्वारा छात्राओं ने भाषण कला की बारीकियों को जाना। इसके अलावा श्वॉल क्लाइंबिंग और एक्टिविटीज ने बच्चों में न केवल अपनी दीर्घकालिक सहनशक्ति बनाता को बढ़ाया बल्कि उन्हें सबसे ज्यादा पसंद भी किया। इस दौरान दिल्ली से आए मनबीर बेदी, आँचल मल्होत्रा, नरेश झावर, खुशबू लामा, शलिनी तायल तथा रिया भुगरा, तारा चंद, मदन व हरप्रीत सिंह व अखिलेश व विद्यालय की शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## हेम गुणवंत अध्यक्ष व संजय संतोष मंत्री बने



**हल्द्वानी।** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की प्रशासनिक शा ाा काठगोदाम के चुनाव में हेम चंद्र गुणवंत अध्यक्ष व संजय संतोष मंत्री चुने गये। चुनाव प्रांतीय संगठन मंत्री बीके शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री रामप्रीत यादव, कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट की देश रे ा में हुए। इस दौरान नीमा आर्या उपाध्यक्ष, दीपक तिवारी संयुक्त मंत्री, नीरज जोशी संगठन मंत्री, श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष तथा दीवान सिंह बिष्ट, रजनीश थापा, हेमंत सिंह मेहरा व ागत सिंह कार्यकारी सदस्य व तारा चंद्र जोशी व लीला बोरा को क्षेत्रीय सदस्य मनोनीत किया गया।